The

# THE ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

01 - 08– 2023

TUESDAY



## 1. SEBI 'कॉर्पोरेट ऋण बाजार विकास कोष' की करेगा स्थापना




भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने कॉर्पोरेट ऋण बाजार विकास कोष (CDMDF) की स्थापना की घोषणा की। सेबी द्वारा विनियमित इस फंड को 'बैकस्टॉप सुविधा' के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो निवेश-ग्रेड कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों को खरीदकर तनावग्रस्त बाजार स्थितियों के दौरान सहायता प्रदान करता है। कॉरपोरेट ऋण गारंटी योजना (GSCD) का उद्देश्य सीडीएमडीएफ द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले ऋण के खिलाफ गारंटी कवर की पेशकश करना है, जिससे अव्यवस्था के समय बाजार में स्थिरता आती है। कॉर्पोरेट ऋण बाजार विकास निधि (CDMDF) का प्राथमिक उद्देश्य बाजार तनाव की अवधि के दौरान बाजार प्रतिभागियों के बीच विश्वास पैदा करना है। CDMDF की स्थापना के लिए जिम्मेदार वर्किंग ग्रुप में विभिन्न म्यूचुअल फंडों, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCIL), और भारत में म्यूचुअल फंड्स संघ (AMFI) के प्रतिनिधि शामिल थे। इस ग्रुप ने म्यूचुअल फंड योजनाओं से कॉर्पोरेट डेब्ट प्रतिवेदन खरीदने के लिए एक एकल 'संस्था' के निर्माण की सिफारिश की।

## 2. इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने की संन्यास घोषणा



इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने घोषणा की है कि पांचवां एशेज टेस्ट उनका क्रिकेट का आखिरी मैच होगा. इस प्रकार उनके शानदार करियर का अंत हो जाएगा जिसमें वह इस प्रारूप में 600 से अधिक विकेट लेने वाले दूसरे तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर चौथे गेंदबाज बन गये हैं. ब्रॉड अपने लंबे समय के साथी और तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के बाद इंग्लैंड के लिए अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर समाप्त करेंगे. तीसरे दिन के खेल के बाद स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पर कहा, 'कल या सोमवार क्रिकेट में मेरा आखिरी मैच होगा. यह एक अद्भुत यात्रा रही है. मेरे लिए नॉटिंघमशायर और इंग्लैंड का बैच पहनना एक बड़ा सौभाग्य है. मैं क्रिकेट से उतना ही प्यार करता हूं जितना पहले कभी करता था, यह एक अद्भुत श्रृंखला रही है मैं जिसका हिस्सा बनना और हमेशा शीर्ष पर रहना चाहता हूं.

## 3. दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को मिलेगा महाराष्ट्र सरकार का पहला उद्योग रत्न अवार्ड



महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न' अवॉर्ड देने

The ACHIEVERS IAS ACADEMY

का फैसला किया है। सामंत ने राज्य विधान परिषद को बताया कि युवा उद्यमी, महिला उद्यमी और मराठी उद्यमी को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। कि विशिष्ट लोगों को दिए जाने वाले महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह, राज्य सरकार ने रतन टाटा को उद्योग रत्न पुरस्कार देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा अजीत पवार और उद्योग मंत्री के तौर पर वह इस समिति के सदस्य थे। महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कारों का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देना है, जिन्होंने महाराष्ट्र में व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा, रियल एस्टेट, पर्यटन, वित्तीय सेवाओं, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, बैंकिंग, IT, फूड आइटम्स और हेल्थ सेक्टर में जबरदस्त योगदान दिया है। उन्हें भारत के दो सबसे बढ़े नागरिक पुरस्कारों 2008 में पद्म विभूषण और 2000 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया है। हाल ही में रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के हाईएस्ट सिविल ऑनर 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## 4. उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ में लॉन्च किया 'सीएम कमांड सेंटर'



यूपी सीएम कमांड सेंटर एंड डैशबोर्ड के जरिए यह संभव हो सकेगा। इस कमांड सेंटर से 53 विभागों की परियोजनाओं को रजिस्टर किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के शास्त्री भवन एनेक्सी में विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लेने के लिए डैशबोर्ड और सीएम कमांड सेंटर की शुरुआत की। इसके जरिए जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। कि योजनाओं की लगातार निगरानी से ही उसकी गति को तेज किया जा सकता है। प्रदेश के सभी जिलों में एक स्पीड से योजनाओं की गति आगे बढ़े, इसके लिए अधिकारियों को अब अधिक भागदौड़ नहीं करनी होग। कमांड सेंटर में बैठकर अब योजनाओं की भौतिक स्थिति की जांच होगी। सीएम कमांड सेंटर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का कॉल सेंटर, टेक्निकल और ट्रेडिंग रूम की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए सीधे परियोजना स्थल से लखनऊ में बैठे अधिकारी कनेक्ट होंगे।

## 5. केंद्र सरकार ने बुनियादी साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु लॉन्च किया 'ULLAS' मोबाइल एप्लिकेशन




एक समारोह में भारत मंडपम में उल्लास (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक नया नारा दिया (जन जन साक्षर) जिसके बाद उन्होंने उल्लास मोबाइल ऐप लॉन्च किया। उल्लास मोबाइल एप्लिकेशन बुनियादी साक्षरता पहुंच की सुविधा देता है और सभी को प्रौद्योगिकी क्षमता का उपयोग करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एप्लिकेशन उपयोगकर्ता कि सुविधा के अनुसार इंटरैक्टिव ऐप, एंड्रॉइड व आईओएस दोनों पर उपलब्ध कराया गया है और एनसीईआरटी के दीक्षा पोर्टल के माध्यम से शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल गेटवे के रूप में काम कर मददगार साबित होगा। उल्लास ऐप पर शिक्षार्थियों खुद अपना आसानी से पंजीकरण करा सकते है। यह भारत के अलग-अलग समुदायों को निरंतर सीखना और ज्ञान साझा करेगा वहीं भारत कि संस्कृति को भी बढ़ावा देगा।

## 6. ओडिशा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'डिवाइन लाइट हाउस' की रखी आधारशिला



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दसाबतिया, तमांडो में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के "डिवाइन लाइट हाउस" की आधारशिला रखी और सेमिनार और सम्मेलन आयोजित करने के लिए वर्ष की थीम "सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष" का शुभारंभ किया।  कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि महिलाओं द्वारा चलाया जाने वाला एक सामाजिक और आध्यात्मिक अभियान भी है। कि मानवता के लिए भौतिक और आध्यात्मिक विकास दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन की चालक है और विकास के लिए परिवर्तन अपरिहार्य और आवश्यक है। लेकिन आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ध्यान और अनुशासित जीवन शैली के माध्यम से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## 7. पीएम मोदी ने किसानों के लिए लॉन्च किया सल्फर कोटेड 'यूरिया गोल्ड'



पीएम मोदी ने राजस्थान में अपनी यात्रा के दौरान "यूरिया गोल्ड"  नामक एक नई प्रकार की यूरिया लॉन्च की, जो सल्फर से लेपित है जो मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने और किसानों के खर्चों को कम करने में मदद कर सकती है। इसके इस्तेमाल से आपको खेतों में कम खाद देनी पड़ेगी और फसल की क्वालिटी भी बढ़ेगी। यह यूरिया की एक नई किस्म है। यह सल्फर कोटेड यूरिया (SCU) होता है। इसलिए इसे सल्फर यूरिया भी कहते हैं। इसके इस्तेमाल का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे मिट्टी में सल्फर की कमी नहीं रहेगी। इस समय यह यूरिया राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड (RCF) कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। यूरिया गोल्ड को लॉन्च करने का उद्देश्य मिट्टी में उर्वरकता की कमी को दूर करना और किसानों के लिए इनपुट लागत को कम करना है। यूरिया गोल्ड आर्थिक दृष्टि से और गुणवत्ता के हिसाब से मौजूदा नीम कोटेड यूरिया से बेस्ट है। इसके इस्तेमाल से उर्वरक की खपत भी कम होती है। साथ ही फसल की गुणवत्ता बढ़ती है। सल्फर कोटेड यूरिया से नाइट्रोजन धीरे-धीरे रिलीज होती है। यूरिया गोल्ड में ह्यूमिक एसिड मिलाने से उर्वरक के रूप में इसका जीवनकाल बढ़ जाता है।

## 8. भारत पहली बार 'विश्व कॉफी सम्मेलन' की करेगा मेजबानी



भारत में पहली बार विश्व कॉफी सम्मेलन (डब्ल्यूसीसी) आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कॉफी संगठन (आईओसी) के सहयोग से 25 में 28 सितंबर को इसे बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। संगठन इस कार्यक्रम का आयोजन कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया के साथ मिलकर कर रहा है। जो कॉफी व्यापार और कॉफी उत्पादक तथा इसका उपभोग करने वाले देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। '' एशिया में पहली बार डब्ल्यूसीसी (2023) का आयोजन किया जा रहा है और इससे भारत में

कॉफी की खेती करने वालों को बहुत फायदा होने वाला है। आईओसी पांचवी बार डब्ल्यूसीसी का आयोजन कर रहा है। इससे पहले ब्रिटेन(2001), ब्राजील (2005), ग्वाटेमाला (2010) और इथियोपिया (2016) में इसका आयोजन किया जा चुका है।

## QUIZ

**1 . हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने किसे पहला 'उद्योग रत्न' अवॉर्ड देने का फैसला किया है**

**(a) मुकेश अम्बानी**

**(b) रतन टाटा**

**(c) गौतम अदानी**

**(d) अनिल देशमुख**

**EXPLANATION -: महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न अवॉर्ड देने का फैसला किया है। विशिष्ट लोगों को दिए जाने वाले महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह ही राज्य सरकार ने रतन टाटा को उद्योग रत्न पुरस्कार देने का फैसला किया है। रतन टाटा को भारत के दो सबसे बढ़े नागरिक पुरस्कारों, 2008 में पद्म विभूषण और 2000 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया है। रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के हाईएस्ट सिविल ऑनर 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उद्योग रत्न' पुरस्कार एक राज्य-स्तरीय पुरस्कार है जो महाराष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।**

**2. भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इन्क्यूबेशन सेंटर किस राज्य में स्थापित करने की घोषणा की हैं**

**(a) केरल**

**(b) कर्नाटक**

**(c) तमिलनाडू**

**(d) आंध्रप्रदेश**

**EXPLANATION -: केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज मत्स्य पालन में भारत का पहला अटल इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करेगा। अटल इनक्यूबेशन सेंटर पहल अटल इनोवेशन मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न उद्योगों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य क्षेत्र के भीतर स्टार्टअप और आविष्कारशील पहलों के लिए एक सहायक और उत्साहजनक वातावरण प्रदान करके मत्स्य पालन उद्योग में प्रगति को बढ़ावा देना है।**

**3. किस शहर में दुनिया के सबसे बड़े म्यूज़ियम 'युगे युगीन भारत' का निर्माण किया जायेगा**

**a) आगरा**

**b) नई दिल्ली**

**c) पानीपत**

**d) नागपुर**

**EXPLANATION -: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े म्यूज़ियम 'युगे युगीन भारत' (Yuge Yugeen Bharat) के निर्माण की घोषणा की है। इस म्यूज़ियम में अलग-अलग थीम्स पर आधारित 8 ब्लॉक होंगे। इस म्यूज़ियम में भारत के 5,000 साल के इतिहास को दर्शाया जाएगा। यह म्यूज़ियम 1.17 लाख वर्ग मीटर में तैयार किया जायेगा।**

**4. भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ ने किस ई-कॉमर्स स्टार्टअप साथ समझौता किया है**

**(a) अमेजन**

**(b) मिंत्रा**

**(c) मैजिकपिन**

**(d) फ्लिपकार्ट**

**EXPLANATION -: हाइपरलोकल ई-कॉमर्स स्टार्टअप मैजिकपिन ने हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत सरकार समर्थित ओएनडीसी पर पंजीकृत चुनिंदा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 70 रुपये प्रति किलोग्राम पर टमाटर बेचना शुरू किया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत कार्य करता है।**

**5. प्रतिवर्ष विश्व रेंजर दिवस कब मनाया जाता हैं**

**(a) 28 जुलाई**

(b) 29 जुलाई

(c) 30 जुलाई

(d) 31 जुलाई

EXPLANATION -: यह दिवस उन सभी साहसिक व्यक्तियों के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है जो वन्यजीवन की रक्षा करने और हमारे मूल्यवान प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण करने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। विश्व रेंजर दिवस पहली बार 2007 में उन आठ रेंजरों की याद में मनाया गया था, जिन्होंने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के विरुंगा नेशनल पार्क में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी थी।

**6. हाल ही में में किस देश की संसद में न्यायपालिका के अधिकार छीनने वाला बिल पास किया गया है**

(a) अमेरिका

(b) भारत

(C) इजराइल

(d) जर्मनी

EXPLANATION -: इजरायल की संसद में विवादास्पद न्यायिक सुधार बिल को कानून का रूप दे दिया गया। कानून के समर्थन में वोट करने के लिए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी संसद पहुंचे, जो पिछले कुछ दिनों से हास्पिटल में भर्ती थे। इस विधेयक को नेतन्याहू के सत्तारूढ़ कट्टर दक्षिणपंथी गठबंधन के सभी 64 सांसदों ने मंजूरी दी है। दूसरी ओर विपक्षी सांसदों ने इसका बहिष्कार किया है। कि यह कानून इजरायल में न्यायपालिका के अधिकार को सीमित कर देगा और सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी।

**7. हाल ही में राष्ट्रीय शहीद स्मारक और रेलवे सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय संग्रहालय का अनावरण कहाँ हुआ है**

(a) भोपाल

(b) लखनऊ

(c) हैदराबाद

(d) कश्मीर

EXPLANATION -: रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के महानिदेशक श्री संजय चन्द्र ने जगजीवन आरपीएफ अकादमी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हाल ही में निर्मित राष्ट्रीय शहीद स्मारक और रेलवे सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय संग्रहालय का अनावरण किया। यह शहीद स्मारक 4800 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इस स्मारक पर 1957 से अब तक 1014 शहीद आरपीएफ जवानों के नाम अंकित कर उन्हें आरपीएफ की ओर से श्रद्धांजलि दी गई है। इस संग्रहालय का मार्गदर्शक आदर्श वाक्य 'ज्ञानवर्धनयचसंरक्षणय' है जो ज्ञान को बढ़ावा देने और विरासत की रक्षा करने के लिए आरपीएफ के लिए एक सतत प्रेरणा के रूप में कार्य करता है।

**8. हाल ही में 'हेली समिट 2023 और आरसीएस उड़ान 5.2 का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है**

(a) गोवा

(b) गुजरात

(c) मध्य प्रदेश

(d) उत्तर प्रदेश

EXPLANATION -: केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में हेली शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया। साथ ही आरसीएस उड़ान 5.2 और हेली सेवा-ऐप को भी लॉन्च किया।

## ONE LINER

हाल ही में वर्ल्ड सिटीज़ कल्चर फोरम में शामिल होने वाला पहला भारतीय शहर कौन बन गया हैं -: बेंगलुरु

हाल ही में नई दिल्ली में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हरित और सतत विकास एजेंडा पर दो दिवसीय जी20 सम्मेलन का आयोजन कौन कर रहा है- : नीति आयोग

हाल ही में किस रेलवे स्टेशन को यूनेस्को का एशिया प्रशांत सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार 2023 मिला है-: भायखला रेलवे स्टेशन

हाल ही में माइल्स फ्रेंकलिन साहित्यिक पुरस्कार 2023 किसे प्रदान किया गया हैं-: शंकरी चंद्रन

हाल ही में फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी की है-: HDFC बैंक

हाल ही में एशियाई युवा और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किस राज्य में किया जा रहा है -: ग्रेटर नोएडा

**हाल ही में सीरिया में भारत के अगले राजदूत के तौर पर किसे नियुक्त किया गया है-:इरशाद अहमद**
**हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कहाँ छह 'EMRS' का उद्धघाटन किया-: राजस्थान**
**हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार 2022 में किस देश की जनसँख्या 800000 से घट गई है -: जापान**
**हाल ही में किसने संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास के 62वे सत्र की अध्यक्षता की है -: रुचिरा कंबोज**

The ACHIEVERS IAS ACADEMY